भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1256
उत्तर देने की तारीख-**08/12/**202**5**

नवोदय विद्यालय समिति में रिक्तियां

†1256. श्री यूसुफ पठान:

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) के विद्यालयों में संकाय और गैर-संकाय दोनों पदों पर रिक्तियों और स्वीकृत पदों की संख्या कितनी है**;**
(ख) 2014 से एनवीएस में स्थायी पदों (संकाय और गैर-संकाय दोनों) के लिए की गई भर्ती का वर्षवार और श्रेणीवार ब्यौरा क्या है**;**
(ग) 2014 से एनवीएस में नियुक्त संविदा कर्मचारियों (संकाय और गैर-संकाय दोनों) की वर्षवार संख्या कितनी है**;**
(घ) एनवीएस में संकाय और गैर-संकाय पदों पर ईडब्ल्यूएस**,** अपिव और अजा/अजजा से भरे गए पदों की श्रेणीवार संख्या कितनी है**;** और
(ङ) क्या एनवीएस में संविदा कर्मचारियों की भर्ती में आरक्षण मानदंडों का पालन किया गया है और यदि हाँ**,** तो ईडब्ल्यूएस**,** अपिव और अजा/अजजा से संविदा कर्मचारियों का श्रेणीवार ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ङ): नए नवोदय विद्यालय (नवि) खुलने, सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र, कर्मचारियों की पदोन्नति, स्थानांतरण, पद ग्रहणाधिकार पर कर्मचारियों द्वारा अन्य विभाग में जाने और स्कूलों के स्तरोन्नयन के कारण रिक्तियाँ उत्पन्न होती रहती हैं। रिक्तियों को भरना एक सतत प्रक्रिया है और प्रासंगिक भर्ती नियमों के प्रावधानों के अनुसार रिक्तियों को भरने का प्रयास किया जाता है। बाधारहित शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए नवि में जब भी नियमित और दीर्घकालीन अवकाश के परिणामस्वरूप रिक्तियाँ उत्पन्न होती हैं तब स्वीकृत पदों के सापेक्ष स्थानीय स्तर पर अस्थायी अवधि हेतु अनुबंध के आधार पर शिक्षकों को भी नियुक्त किया जाता है।

नवोदय विद्यालय समिति (नविस) भारत सरकार द्वारा समय-समय पर यथा अधिसूचित आरक्षण मानकों को नविस भर्ती नियमों में शामिल करते हुए सीधी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से नियमित नियुक्तियाँ करता है। विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए कर्मचारियों को अल्प समय के लिए या तात्कालिक आवश्यकता के आधार पर नियुक्त किया जाता है।

दिनांक 30.09.2025 की स्थिति के अनुसार नविस में संस्वीकृत और रिक्त संकाय सदस्यों (शिक्षण) और गैर-संकाय सदस्यों (गैर-शिक्षण) पद नीचे दिए गए हैं:

पद	संस्वीकृत पद	रिक्तियाँ
शिक्षण	16,865	4,247
गैर-शिक्षण	9,226	1,666

नविस द्वारा वर्ष 2014 से शिक्षण और गैर-शिक्षण के नियमित पदों पर की गई भर्ती का वर्ष-वार और श्रेणी-वार ब्यौरा अनुलग्नक-**I** में दिया गया है।

वर्ष 2014 से नविस में कार्य पर रखे गए शिक्षण और गैर-शिक्षण अनुबंधित कर्मचारियों का वर्ष-वार ब्यौरा अनुलग्नक-**II** में दिया गया है।

दिनांक 01.01.2025 की स्थिति के अनुसार नविस में ईडब्ल्यूएस, ओबीसी और एससी/एसटी श्रेणी के शिक्षण और गैर-शिक्षण के लिए भरे गए पदों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

पद	ईडब्ल्यूएस	ओबीसी	एससी	एसटी
शिक्षण	290	4,235	2,118	962
गैर-शिक्षण	90	2,703	1,753	1,002

*****

<u>अनुलग्नक-I</u>

"नवोदय विद्यालय समिति में रिक्तियां" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री यूसुफ पठान द्वारा पूछे गए दिनांक **08.12.2025** के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या **1256** के भाग **(क) से (ङ)** के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

नविस द्वारा वर्ष **2014** से संकाय (शिक्षण) और गैर-संकाय (गैर-शिक्षण) के नियमित पदों पर की गई भर्ती का वर्ष-वार और श्रेणी-वार ब्यौरा

वर्ष	शिक्षण पद					गैर शिक्षण पद					
	अनारक्षित	ईडब्ल्यूएस	ओबीसी	एससी	एसटी	अनारक्षित	ईडब्ल्यूएस	ओबीसी	एससी	एसटी	कुल
2014	35	-	28	6	2	30	-	24	15	9	**149**
2015	105	-	48	27	12	19	-	16	5	8	**240**
2016	3	-	1	1	2	4	-	2	2	3	**18**
2017	233	-	174	110	108	3	-	1	3	-	**632**
2018	204	-	119	72	57	22	-	41	16	11	**542**
2019	63	-	64	25	10	23	-	18	4	5	**212**
2020	138	22	118	63	15	26	-	26	17	13	**438**
2021	319	105	417	207	106	73	3	62	50	29	**1371**
2022	110	34	128	41	23	137	21	122	49	36	**701**
2023	492	109	532	205	84	179	53	419	137	72	**2282**
2024	140	20	95	59	26	39	20	112	36	20	**567**
2025	-	-	-	-	-	6	1	3	2	-	**12**
कुल	**1842**	**290**	**1724**	**816**	**445**	**561**	**98**	**846**	**336**	**206**	**7164**

****

<u>अनुलग्नक-II</u>

“नवोदय विद्यालय समिति में रिक्तियां” के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री यूसुफ पठान द्वारा दिनांक **08.12.2025** को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या **1256** के भाग **(क) से (ङ)** के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

वर्ष **2014** से नविस में नियुक्त संकाय (शिक्षण) और गैर-संकाय (गैर-शिक्षण) के अनुबंध कर्मचारियों का वर्ष-वार विवरण

वर्ष	शिक्षण	गैर-शिक्षण
2014	2189	268
2015	2683	263
2016	2794	299
2017	2671	414
2018	2667	439
2019	3040	494
2020	2953	1031
2021	2403	1055
2022	2155	1185
2023	2500	874
2024	3237	1262
2025	3437	1432

*****